<u>समाचार</u>

<u>महापौर ने किया वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती का भ्रमण</u>

<u>(सड़क, नाली, बिजली से संबंधित समस्याओं के निराकरण के दिये निर्देश)</u>



कोरबा 29 अगस्त 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती को दौरा कर वहां की समस्याओं को देखा तथा सड़क, नाली, बिजली आदि से संबंधित समस्याओं के निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये जाने के साथ ही वार्ड के प्रताप कुआं मोहल्ले में स्टेज निर्माण का कार्य कराए जाने हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती कोरबा में आज महापौर श्रीमती अग्रवाल ने पैदल भ्रमण कर वहां की समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान बस्तीवासियों ने वार्ड में सड़क, नाली, से संबंधित समस्याओं से अवगत कराते हुए इनसे संबंधित कार्य कराए जाने का अनुरोध महापौर से किया, जिस पर उन्होने इन समस्याओं के निराकरण हेतु सड़क व नाली से संबंधित कार्य कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसी प्रकार बस्ती के कुछ स्थानों पर सड़क रोशनी से संबंधित समस्याओं की जानकारी प्राप्त होने पर उन्होने इस दिशा में भी त्वरित कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान प्रताप कुआं मोहल्ले के निवासियों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल से मोहल्ले में सार्वजनिक कार्यक्रमों हेतु स्टेज का निर्माण कराए जाने की मांग की, जिस पर महापौर ने अपनी स्वीकृत देते हुए इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

<u>साफ–सफाई कार्यो का किया निरीक्षण</u>– अपने भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने पुरानी बस्ती क्षेत्र में निगम द्वारा किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों

को निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्यो में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए, सफाई कार्यो का नियमित संपादन सुनिश्चित किया जाए, इसके साथ ही सफाई कार्य के दौरान निकले हुए कचरे का तुरंत स्थल से उठाव कर उसे डपिंग यार्ड ले जाया जाए।

पुरानी बस्ती के भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद मनीष शर्मा, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला , चन्द्रकांत यादव, रोमी राजवाड़े, राजू ठाकुर, राजेश अग्रवाल, हरीश चन्द्र, कुरेशा बेगम, रामचन्द्र राजवाड़े, महेत्तर, नागेश्वर, शाहिद खान, श्यामलाल, मनोहर दास आदि के साथ काफी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे।